Phone No. :- 05644-228114

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)

रा.प्र.नि.मं./क्षे.का.(भरतपुर)/सामान्य–265 / 170-178 दिनांक 28.04.25

मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड,
खनन पट्टा संख्या 11/2021
निकट ग्राम टेसकी
तहसील सीकरी जिला डीग

**विषय** : दिनाँक 11.06.2025 को आयोजित की जाने वाली पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई बाबत्।
**सन्दर्भ** : जिला कलक्टर, डीग के पत्र क्रमांक RajKaj Ref No. 14900773 दिनांक 23.04.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड, खनन पट्टा संख्या 11/2021 निकट ग्राम टेसकी तहसील सीकरी जिला डीग के क्लस्टर में सम्मिलित खनन पट्टा संख्या 11/2021 (प्रस्तावित), खनन पट्टा संख्या 09/2021 (प्रस्तावित) एवं खनन पट्टा संख्या 10/2021 (विद्यमान) खनन पट्टा क्षेत्र क्रमशः 2.0897 हैक्टेयर, 3.1489 हैक्टेयर एवं 3.1489 हैक्टेयर (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3875 हैक्टेयर) में प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,50,170 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 11/2021), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 7,45,762 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 09/2021) एवं विद्यमान उत्पादन क्षमता 7,27,544 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 10/2021), चिनाई पत्थर क्लस्टर परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 11.06.2025 (बुधवार) को दोपहर 12.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत टेसकी, तहसील सीकरी जिला डीग** में आयोजित की जानी है।

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनाँक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आषय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवष्यक है। अतः संलग्न प्रारूप में जन सुनवाई हेतु **"आम सूचना"** एक मुख्य दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक क्षेत्रीय भाषा के दैनिक समाचार पत्र में दिनाँक 09.05.2025 से पूर्व प्रकाशित कराया जाना जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म., भरतपुर

**प्रतिलिपि** :– पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट ड्राफ्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार (Hindi & English) आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1845–52 दिनांक 15.10.2024 को प्रस्तुत कर दी गयी थी अतः उक्त जनसुनवाई हेतु निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1 कार्यालय जिला कलक्टर, डीग।
2 ग्रुप इन्चार्ज (माइन्स) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
3 क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
4 कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, तहसील सीकरी, जिला डीग।
5 कार्यालय पंचायत समिति, नगर जिला डीग।
6 खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, भरतपुर।
7 कार्यालय ग्राम पंचायत, टेसकी तहसील पहाडी जिला डीग।
8 ए.सी.पी., राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन हैं कि इसे वेब साईट पर दर्शाने का श्रम करवायें।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं., भरतपुर

O/C

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे
श्यामा प्रसाद मुखजी नगर, भरतपुर (राज)

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–265 / 170-178 दिनांक :–28.04.25

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड, खनन पट्टा संख्या 11 / 2021 निकट ग्राम टेसकी तहसील सीकरी जिला डीग के क्लस्टर में सम्मिलित खनन पट्टा संख्या 11 / 2021 (प्रस्तावित), खनन पट्टा संख्या 09 / 2021 (प्रस्तावित) एवं खनन पट्टा संख्या 10 / 2021 (विद्यमान) खनन पट्टा क्षेत्र क्रमशः 2.0897 हैक्टेयर, 3.1489 हैक्टेयर एवं 3.1489 हैक्टेयर (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3875 हैक्टेयर) में प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,50,170 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 11 / 2021), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 7,45,762 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 09 / 2021) एवं विद्यमान उत्पादन क्षमता 7,27,544 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 10 / 2021), चिनाई पत्थर क्लस्टर परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

उपर्युक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, द्वारा जारी अधिसूसना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है अतः समस्त सम्बन्धित को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त खनन परियोजना की पर्यावरण स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई हेतु **दिनांक 11.06.2025 (बुधवार) को दोपहर 12.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत टेसकी, तहसील सीकरी जिला डीग** में उपस्थित होकर सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर (e-mail – rorpcb.bharatpur@gmail.com) अथवा मुख्यालय, 04 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए.रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है।

1. कार्यालय जिला कलक्टर, डीग।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर
3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
5. कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, तहसील सीकरी, जिला डीग।
6. कार्यालय पंचायत समिति, नगर, जिला डीग।
7. खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, भरतपुर।
8. कार्यालय ग्राम पंचायत, टेसकी तहसील सीकरी जिला डीग।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं. भरतपुर